Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged irregularity in admission in Rural Institute of Ayurveda Research and hospital, Medical college in Madha Parliamentary Constituency-laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (**माधा**): रूरल इंस्टिट्यूटऑफ़ आयुर्वेद रिसर्च एंड होस्पिटल, मेडिकल कॉलेज माढा लोकसभा स्थित मयानी में है । इस मेडिकल कॉलेज में अवांछित तत्व मेडिकल कालेज में दाखिले करवाने हेतु अवैध रैकट चला रहे हैं जिसमें अधिक अंक दिखाकर झूठे मार्क शीट व सर्टिफिकेट आदि बनाकर दिए जा रहे हैं तथा उनके आधार पर मेडिकल कालेज में दाखिले करवाए जा रहे हैं । इस रेकेट की अवैध गतिविधियों के कारण अनेकों मेधावी छात्रों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, उनके मेडिकल कालेजों में दाखिले नहीं हो पा रहे हैं तथा उनके अधिकारों का हनन हो रहा है । अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले में गहन जांच (सीबीआई जाँच) करवाकर इस रैकेट में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही करवाने का कृपा करें ताकि मेधावी छात्रों को हो रहे नुकसान से बचा जा सके ।